
राष्ट्रीय संस्करण
CopyRight - Jagran.com



शिखर को लगी चोट, विश्वकप में आगे खेलने पर संशय
>> 12

वर्ष 3 अंक 2
# दैनिक जागरण
मूल्य ₹5.00, नई दिल्ली, बुधवार, 12 जून 2019
www.jagran.com
पृष्ठ 14

## जागरण विशेष

### प्यास बुझाने को 18 किमी की 'परेड' कर रहे जवान



**बहराइच** : भारत-नेपाल सीमा की रखवाली में जुटे सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की अनेक पोस्ट पर मौजूद जवान पानी के लिए जूझ रहे हैं। हालत यह है कि जवान हर दिन 18 किमी दूर से टंकियों और जार में पानी लाद कर लाते हैं, तब प्यास बुझती है। (पेज-13)

## जीना इसी का नाम है

### कड़ी धूप में बुझ जाए प्यासों की प्यास, बस यही है आस...



**नई दिल्ली** : हलक सुखा देने वाली गर्मी व चिलचिलाती धूप। ऐसे में दिल्ली के सफदरजंग क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े इन बुजुर्गवार पर नजरें ठहर जाती हैं। हाथों में पानी का गिलास थामे वह आप तक पहुंच जाते हैं। इनके इस जज्बे और सेवाभाव का हर कोई कायल है। (पेज-13)

## विश्वास.News

महिला सुरक्षा को लेकर वायरल संदेश फर्जी ?
विश्वास न्यूज की पड़ताल • पेज 5

# पांच करोड़ अल्पसंख्यक छात्रों को मोदी सरकार देगी वजीफा

**बड़ा कदम** ▸ जुलाई से मदरसा शिक्षकों को दी जाएगी मुख्यधारा की शिक्षा

### अध्यापकों को हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान व कंप्यूटर का मिलेगा प्रशिक्षण

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के नए नारे के साथ ही अल्पसंख्यक मंत्रालय ने सक्रियता दिखाते हुए देश के अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए अगले पांच वर्ष का खाका खींच दिया है। सरकार के कार्यक्रम के अनुसार अगले पांच वर्षों में प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट-कम-मीन्स आदि योजनाओं के जरिए देश के पांच करोड़ अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। इनमें 50 फीसद से ज्यादा लड़कियों को शामिल किया जाएगा। इसमें आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की लड़कियों के लिए बेगम हजरत महल बालिका स्कालरशिप भी शामिल है। यह स्कालरशिप दस लाख से ज्यादा होंगी।

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने मंगलवार को बताया कि अल्पसंख्यक वर्ग की स्कूल ड्रॉपआउट लड़कियों को देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों से ब्रिज कोर्स करा कर शिक्षा और रोजगार से जोड़ा जाएगा। साथ ही सरकार ने तय किया है कि देश भर के मदरसों में मुख्यधारा की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए मदरसा शिक्षकों को विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। ताकि वे मदरसों में मुख्यधारा की शिक्षा-हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, कंप्यूटर आदि दे सकें। यह काम अगले माह से शुरू कर दिया जाएगा। नकवी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश में विकास की सेहत को सांप्रदायिकता एवं तुष्टीकरण की बीमारी से मुक्ति दिलाकर सेहतमंद समावेशी सशक्तिकरण का माहौल तैयार किया है। सरकार समावेशी विकास, सर्वस्पर्शी विश्वास के संकल्प से भरपूर है।



मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन की गवर्निंग बॉडी की बैठक के दौरान अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी। एएनआइ

नकवी ने कहा,जिन क्षेत्रों में शैक्षणिक संस्थाओं के लिए पर्याप्त ढांचागत सुविधायें नहीं हैं, वहां प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत पॉलिटेक्निक, आइटीआइ, गर्ल्स हॉस्टल, स्कूल, कालेज, गुरुकुल टाइप आवासीय विद्यालय, कॉमन सर्विस सेंटर आदि का युद्ध स्तर पर निर्माण शुरू किया गया है।

इसके अलावा, सरकार अल्पसंख्यक बच्चों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए 'पढ़ो व बढ़ो' जागरूकता अभियान चलाएगी। पहले चरण में देश के 60 अल्पसंख्यक बहुल जिलों का चयन कर अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत सभी दूरदराज क्षेत्रों में जहां सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ापन है और लोग अपने बच्चों को शैक्षणिक संस्थानों में नहीं भेज पा रहे हैं, ऐसे माता-पिताओं को जागरूक एवं प्रोत्साहित किया जाएगा। अल्पसंख्यक समुदाय के मुसलमानों, ईसाइयों, सिखों, जैनियों, बौद्धों और पारसियों में आर्थिक रूप से कमजोर तबकों के लिए केंद्रीय व राज्य प्रशासनिक सेवाओं, बैंकिंग, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी।

### तीन तलाक के नए बिल पर आज विचार कर सकती है कैबिनेट

**नई दिल्ली** : केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को तत्काल तीन तलाक की कुप्रथा को प्रतिबंधित करने के लिए नए विधेयक पर विचार किया जा सकता है। संसद में पारित होने के बाद प्रस्तावित बिल इस साल की शुरुआत में जारी अध्यादेश की जगह ले लेगा। (पेज-3)

## बंगाल में सियासी हिंसा जारी, तीन की हत्या

**जागरण संवाददाता, कोलकाता** : पश्चिम बंगाल में सियासी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार रात उत्तर 24 परगना में दो और पश्चिम बर्धमान में एक की हत्या कर दी गई। तृणमूल ने मृतकों को पार्टी कार्यकर्ता बताते हुए भाजपा पर आरोप लगाया है। इलाके में तनाव के मद्देनजर भारी संख्या में फोर्स तैनात कर दी गई है। बैरकपुर से भाजपा सांसद अर्जुन सिंह का कहना है कि इस घटना से उनकी पार्टी के किसी सदस्य का कुछ लेना देना नहीं है। पुलिस दबाव में भाजपा कार्यकर्ताओं को फंसा रही है। वहीं एडीजी (कानून-व्यवस्था) ज्ञानवंत सिंह ने कहा, पुलिस कार्रवाई कर रही है। भाजपा नेता मुकुल रॉय ने राज्य में हिंसा रोकने के लिए उचित कदम उठाने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। बता दें कि नौ जून को तृणमूल ने भी इस बारे में गृहमंत्रालय को पत्र लिखा था।।

**ममता ने भी माना, अब तक दस की मौत** : मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी मंगलवार को स्वीकारा कि राज्य में चुनाव बाद हुई हिंसा में 10 लोगों की मौत हुई है। मृतकों में आठ तृणमूल व दो भाजपा समर्थक शामिल हैं। सभी मौतों को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा, वह जल्द मुख्य सचिव को निर्देश देंगी कि पीड़ित परिवारों को आपदा प्रबंधन कोष से मदद मुहैया कराएं।

**लोग जा रहे घर छोड़ कर** : उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों के हिंसा प्रभावित क्षेत्र से लोगों ने पलायन शुरू हो गया है। उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में भी हिंसा से प्रभावित दो गांव से कई लोग कहीं और चले गए हैं। रविवार रात भी हावड़ा में 'जय श्रीराम' का नारा लगाने पर एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई थी।

विद्यासागर की मूर्ति पुनर्स्थापित, ममता ने भाजपा पर फिर साधा निशाना पेज>>5

# सुप्रीम कोर्ट ने पत्रकार प्रशांत की तुरंत रिहाई का दिया आदेश

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

▸ अदालत ने कहा, तकनीकी आधार पर चुप नहीं बैठ सकते

▸ सीएम योगी पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर हुई थी गिरफ्तारी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में पत्रकार प्रशांत कनौजिया की गिरफ्तारी को पहली निगाह में गलत बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कनौजिया को तत्काल जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। हालांकि कोर्ट ने साफ किया कि इस आदेश को सोशल मीडिया पर कनौजिया के पोस्ट या ट्वीट का समर्थन नहीं समझा जा सकता। उसके बाबत जो केस चल रहा है वह चलता रहेगा, लेकिन इस तरह की कार्रवाई नहीं हो सकती। कोर्ट ने कहा, कई बार जज भी सोशल मीडिया के शिकार हो चुके हैं। कई बार वह सही होता है कई बार गलत। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से बड़ा दिल दिखाने की अपील भी की।

न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी व अजय रस्तोगी की अवकाशकालीन पीठ ने पत्रकार कनौजिया की पत्नी जगीशा अरोड़ा की याचिका का निपटारा करते हुए सुनाया। कोर्ट ने कनौजिया की पत्नी की याचिका पर सुनवाई के विरोध में प्रदेश सरकार की ओर से उठाई गई आपत्तियों को दरकिनार करते हुए कहा कि तकनीकी आधार पर कोर्ट चुप नहीं बैठा रह सकता। पूर्ण न्याय के लिए कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 142 में प्राप्त शक्तियों का प्रयोग कर मांगी गई राहत में कुछ बदलाव कर सकता है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने पर पत्रकार प्रशांत कनौजिया को 8 जून को आइपीसी की धारा 500, 505 और आइटी एक्ट की धारा 67 गिरफ्तार कर लिया था।

पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश दिया कि कनौजिया को संबंधित चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की संतुष्टि की शर्तो पर जमानत देते हुए तत्काल रिहा किया जाए। कनौजिया के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्यवाही चलती रहेगी। सवाल सिर्फ यह है कि जो आरोप उस पर लगे हैं क्या उसके लिए उसकी आजादी छीनी जा सकती है। पहली निगाह में इसका जवाब नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 19(अभिव्यक्ति की आजादी), अनुच्छेद 21 (स्वतंत्रता का अधिकार) के तहत मिले मौलिक अधिकारों से समझौता नहीं हो सकता।

इससे पहले प्रदेश सरकार ने अर्जी का विरोध करते हुए कहा, अनुच्छेद 32 में रिट याचिका सुप्रीम कोर्ट में नहीं सुनी जानी चाहिए। यह मामला बंदी प्रत्यक्षीकरण का नहीं है। मजिस्ट्रेट ने अभियुक्त को रिमांड दी है। याचिकाकर्ता को पहले हाईकोर्ट जाना चाहिए था। कोर्ट ने कहा, समान्यतौर पर कोर्ट मौलिक अधिकारों के हनन के मामलों में भी पहले हाईकोर्ट जाने को कह देता है, लेकिन मौजूदा मामला व्यक्ति की स्वतंत्रता बाधित करने का है और अनुच्छेद 32 अपने आप में मौलिक अधिकार है ऐसे में यह अधिकार व्यर्थ नहीं जा सकता। याचिकाकर्ता जगीशा अरोड़ा ने कहा कि कोर्ट के फैसले से संविधान में उनका भरोसा और मजबूत हुआ है।

प्रियंका शर्मा मामले से की तुलना पेज>>6

## न्यूज गैलरी

**राज-नीति** ▸ पृष्ठ 3

### अब अंतरिक्ष युद्ध के लिए सेना को सशक्त बनाने की तैयारी

**नई दिल्ली** : भारतीय सेना जल, थल और नभ में दुश्मन को मात देने में सक्षम तो है ही, अब उसे अंतरिक्ष युद्ध में भी अजेय बनाने की तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में सरकार ने अंतरिक्ष युद्ध के लिए सशस्त्र बलों की ताकत बढ़ाने के लिए नई एजेंसी के गठन को मंजूरी दी है। यह एजेंसी अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों और तकनीक का विकास करेगी।

**नेशनल न्यूज** ▸ पृष्ठ 7

### गुजरात के तट से कल टकरा सकता है चक्रवात 'वायु'

**नई दिल्ली** : अरब सागर में बना चक्रवात 'वायु' और गहरा हो गया है। यह तेजी से गुजरात की तरफ बढ़ रहा है और इसके 13 जून की सुबह 110-120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तट से टकराने की आशंका है। सरकार ने सभी कर्मियों की छुट्टियां रद करने के साथ ही तटवर्ती इलाकों में एनडीआरएफ की टीमों को तैनात कर दिया है।

**बिजनेस** ▸ पृष्ठ 10

### 44 श्रम कानूनों का विलय कर चार श्रम संहिताएं बनाई जाएंगी

**नई दिल्ली** : केंद्र सरकार 44 श्रम कानूनों का विलय कर उन्हें चार श्रम संहिताओं में तब्दील करने के लिए संसद में नया श्रम विधेयक पेश करेगी। इस बात का फैसला गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, रेल तथा वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और श्रम राज्यमंत्री संतोष गंगवार शामिल थे।

क्रिकेट महाकुंभ
ऑस्ट्रेलिया vs पाकिस्तान
दोपहर 3:00 बजे से
स्थान : टांटन
स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क


# वायुसेना के लापता एएन-32 विमान का मलबा मिला

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

▸ विमान पर सवार 13 लोगों के बारे में अब भी संशय बरकरार

भारतीय वायुसेना के लापता एएन-32 विमान का मलबा आठ दिनों बाद मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी सियांग जिले में परी हिल्स के पास दिखाई दिया है। वायुसेना का कहना है कि विमान का मलबा लिपो से 16 किमी उत्तर और टाटो से उत्तरपूर्व में एमआइ-17 हेलीकॉप्टर से 12,000 फीट की ऊंचाई पर देखा गया है, लेकिन विमान पर सवार 13 लोगों के बारे में अब भी जानकारी जुटाई जानी बाकी है। बुधवार सुबह गरुड़ कमांडो मलबे वाले स्थान पर उतारकर तलाशी अभियान चलाएंगे।

वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंगलवार शाम मलबा दिखाई देने के बाद सेना ने चीता और एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर को वहां उतारने का प्रयास किया, लेकिन घने पहाड़ी जंगल होने के चलते हेलीकॉप्टर को वहां उतारा नहीं जा सका। हालांकि देर शाम तक वायुसेना ने नजदीक की ही एक जगह चिन्हित कर ली, जहां बुधवार तड़के हेलीकॉप्टर उतारकर सघन अभियान चलाया जाएगा। रात में स्थानीय निकाय के अफसर और अन्य लोग तलाशी अभियान जारी रखेंगे ताकि उन 13 लोगों के बारे में जल्द से जल्द जानकारी प्राप्त हो सके।



एनएन-32 एयरक्राफ्ट का फाइल फोटो। रायटर

बता दें कि वायुसेना के इस एएन-32 मालवाहक विमान ने तीन जून की दोपहर 12.27 पर असम के जोरहाट से उड़ान भरी थी और एक बजे उसका संपर्क टूट गया था। पिछले आठ दिनों से विमान को खोजने का अभियान जारी था। इसमें इसरो तक की मदद ली गई। तलाशी अभियान में एयरक्राफ्ट सी-130जे, एएन-32एस, एमआइ-17 हेलीकॉप्टर शामिल थे। नौसेना के पी8आइ और सुखोई जैसे विमान डेटा इकट्ठा कर रहे थे। क्रैश की संभावित जगह से विशेषज्ञ इंफ्रारेड और लोकेटर ट्रांसमीटर के संकेतों को पकड़ने की कोशिश कर रहे थे। इसी आधार पर कुछ खास बिंदुओं पर कम ऊंचाई पर हेलीकॉप्टर ले जाए जा रहे थे, लेकिन वे बस जमीनी तलाशी टीम के साथ तालमेल बना पा रहे थे।

# जेट के विमान के अपहरण की धमकी देने वाले को उम्रकैद

**जागरण संवाददाता, अहमदाबाद**

प्रेमिका के लिए विमान अपहरण की धमकी देने वाले मुंबई के उद्यमी बिरजू किशोर सल्ला को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की विशेष अदालत ने उम्रकैद और पांच करोड़ रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। 2016 में बने एंटी हाईजैकिंग एक्ट के तहत यह पहली व अनूठी सजा है।

विशेष जज केएम दवे ने बिरजू को विमान अपहरण का खौफ पैदा करने का दोषी मानते हुए अपने फैसले में कहा, उससे वसूली जाने वाली रकम उस विमान के चालक दल के सदस्यों और यात्रियों में बांट दी जाए जिन्होंने विमान अपहरण का खौफ सहा था। इस राशि में से पायलटों को एक-एक लाख, परिचारिकाओं(एयर होस्टेस) को 50-50 और 116 यात्रियों को 25-25 हजार रुपये दिए जाएं।

ज्ञात हो, बिरजू की प्रेमिका जेट एयरवेज के दिल्ली स्थित दफ्तर में कार्यरत थी। 30 अक्टूबर, 2017 को बिरजू ने जेट की मुंबई-दिल्ली फ्लाइट के बिजनेस क्लास के टॉयलेट में टिश्यू पेपर पर अंग्रेजी और उर्दू में धमकी भरा पत्र लिखकर रख दिया था, जिसमें विमान में अपहरणकर्ता व विस्फोटक होने तथा विमान को गुलाम कश्मीर ले जाने की बात कही गई थी। पत्र के अंत में 'अल्लाह महान है' लिखा था। इसके बाद विमान की अहमदाबाद में आपात लैंडिंग कराई गई। गिरफ्तारी पर बिरजू ने बताया कि उसने यह काम इसलिए किया था ताकि जेट के दिल्ली कार्यालय का ऑपरेशन बंद हो जाए और उसकी प्रेमिका मुंबई लौट आए।



बिरजू सल्ला। (फाइल फोटो)

**एंटी हाईजैकिंग एक्ट के तहत दर्ज हुआ था पहला मामला** : एनआइए ने पिछले साल जनवरी में बिरजू के खिलाफ एंटी हाईजैकिंग एक्ट-2016 के तहत चार्जशीट दाखिल की थी। ज्ञात हो बिरजू 'नेशनल नो फ्लाई लिस्ट' में शामिल होने वाला भी पहला व्यक्ति था।

YOUR DREAM, OUR MISSION
YOUTH DESTINATION
IAS • PCS
सामान्य अध्ययन
निःशुल्क कार्यशाला से बैच प्रारंभ
21 June
ONLINE/ LIVE CLASS AVAILABLE
11:30 AM
"अपने सपनों को करें साकार, भारत के विशिष्ट एवं श्रेष्ठतम अध्यापकों के साथ"
& YOUTH DESTINATION TEAM
लोक प्रशासन
निःशुल्क कार्यशाला से बैच प्रारंभ
13 June 9:00 AM
& ETHICS
25 June 3:30 PM
By अभय कुमार सर
इतिहास
By रजनीश राज सर
17 June 6:00 PM
24 June 8:30AM
ONLINE LIVE CLASS AVAILABLE
9811334434, 9811334480
web : www.youthdestination.in | youtube: youthdestinationias | FB: youthdestinationias
639, DR. MUKHERJEE NAGAR, OPP. SIGNATURE APARTMENT , DELHI-110009

# भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पहली बार इजरायल के पक्ष में किया मतदान

**जेएनएन, नई दिल्ली**

▸ फलस्तीन के एक संगठन को पर्यवेक्षक का दर्जा दिलाने का था प्रस्ताव

▸ मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में विदेश नीति के मोर्चे पर महत्वपूर्ण कदम

फलस्तीन के सवाल पर अभी तक इजरायल के खिलाफ या फिर तटस्थ रहने की अपनी दशकों पुरानी नीति में एक बड़ा बदलाव करते हुए भारत ने पहली बार इजरायल के पक्ष में मतदान किया है। फलस्तीन की एक संस्था शहद को पर्यवेक्षक का दर्जा दिलाने की मांग के खिलाफ भारत का मतदान करना बेहद अहम माना जा रहा है। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में विदेश नीति के मोर्चे पर एक महत्वपूर्ण कदम है।

संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक और सामाजिक परिषद में फलस्तीन ने अपने यहां के संगठन को पर्यवेक्षक का दर्जा दिलाने का प्रस्ताव किया था, लेकिन यह प्रस्ताव 28-14 से गिर गया। यह मतदान संयुक्त राष्ट्र में गत छह जून को हुआ। इसमें भारत के अलावा अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, जापान, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया और कनाडा ने इजरायल के पक्ष में मतदान किया। जबकि चीन, रूस, सऊदी अरब, पाकिस्तान और कुछ अन्य देशों ने फलस्तीनी संस्था के पक्ष में वोट डाले। मंगलवार को भारत में इजरायली दूतावास की मिशन उप प्रमुख माया कदोश ने एक ट्वीट में इजरायल के साथ खड़े होने के लिए भारत का धन्यवाद दिया। कदोश के मुताबिक एक आतंकी संगठन को संयुक्त राष्ट्र में पर्यवेक्षक का दर्जा दिलाने की कोशिश की जा रही थी। इजरायल के विदेश मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक शहद मानवाधिकारों के मसले पर काम करने का दावा करता है, लेकिन हकीकत में यह एक आतंकी संगठन है। यह लेबनान स्थित आतंकी संगठन हमास का ही एक अंग है।

## पंचवर्षीय लक्ष्य

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का एलान, 14 करोड़ घरों को 2024 तक नल से पेयजल आपूर्ति का लक्ष्य, यूपी, बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़ व ओडिशा में जलापूर्ति सबसे खराब

# हर गांव के हर घर को नल से जल

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

देश के मात्र 18 फीसद गांवों में ही पाइपलाइन के जरिये नलों से पेयजल की आपूर्ति होती है। इसमें भी देश के उन प्रदेशों में पीने के शुद्ध पानी का गंभीर संकट है, जहां नदियों की भरमार है और साल दर साल बाढ़ आती है। इन पूर्वी राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र पांच फीसद घरों में ही नल से पेयजल की आपूर्ति होती है। लिहाजा सरकार ने देश के 82 फीसद ग्रामीण हिस्से में पेयजल की आपूर्ति नल से करने का लक्ष्य तय किया है। सरकार ने वर्ष 2024 तक देश के बाकी सभी 14 करोड़ घरों में पानी पहुंचाने का निश्चय किया है।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्यों के पेयजल मंत्रियों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उक्त जानकारी दी। अभी देश के एकमात्र राज्य सिक्किम के 99 फीसद घरों में ही नलों से जलापूर्ति की जाती है।

शेखावत ने राज्यों की ओर से उठाए गए मुद्दों के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा कि राज्यों के साथ संघीय तरीके से काम करने की जरूरत है। जलापूर्ति के साथ जल संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया, जिसे राज्यों ने भी स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान और बिहार में हर घर में नल से जलापूर्ति को लेकर विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। अन्य प्रदेशों की भी इस दिशा में आगे बढ़ने को कहा गया है। ज्यादातर राज्यों के मंत्रियों ने जल संकट पर समान चिंताएं जताईं और इस समस्या से निपटने के लिए आगे बढ़ने को कहा। पश्चिम बंगाल के बारे में पूछे गए सवाल पर उन्होंने बताया कि न वहां के मंत्री आए और न ही कोई प्रतिनिधि पहुंचा। वहां की हालत बहुत खराब है। एक अन्य सवाल के जवाब में शेखावत ने कहा कि कमोबेश सभी राज्यों में कहीं न कहीं पानी की किल्लत बनी हुई है। इस समस्या को समग्रता के रूप में देखा जा रहा है। (पेज-7 भी देखें)



नई दिल्ली में मंगलवार को जल संसाधन, ग्रामीण पेयजल आपूर्ति और स्वच्छता पर आयोजित बैठक के बाद मंत्रियों के साथ केंद्रीय जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत (मध्य में)। एएनआइ

### कश्मीर में सुरक्षाबलों के हाथों आइएसजेके के दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर** : दक्षिण कश्मीर के अवनीरा (शोपियां) में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने एक भीषण मुठभेड़ में आइएस से जुड़े संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ जम्मू कश्मीर (आइएसजेके) के दो आतंकियों को मार गिराया। आतंकियों के मारे जाने के बाद पैदा हुए तनाव को देखते हुए प्रशासन ने शोपियां और कुलगाम में एहतियातन मोबाइल इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी हैं। (पेज-6)

### न्यूयॉर्क में बिल्डिंग से टकराया हेलीकॉप्टर, याद आया 9/11

**न्यूयॉर्क** : अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में एक हेलीकॉप्टर लैंडिंग के दौरान बहुमंजिली इमारत की छत से जा टकराया। इसके बाद हेलीकॉप्टर आग का गोला बन गया। हालांकि हादसे में पायलट की मौत के अलावा कोई जनहानि नहीं हुई, पर यह घटना जिस तरह हुई उससे अमेरिकी नागरिक थोड़े वक्त के लिए सहम गए और उनके जेहन में 9/11 की याद ताजा हो गई। (पेज-11)

VISION IAS
INSPIRING INNOVATION
9 IN TOP 10 SELECTIONS IN CSE 2018
from various programs of VISION IAS
KANISHAK KATARIA 1 AIR
AKSHAT JAIN 2 AIR
JUNAID AHMAD 3 AIR
SHREYANS KUMAT 4 AIR
SRUSHTI JAYANT DESHMUKH 5 AIR
फाउंडेशन कोर्स
सामान्य अध्ययन 2020
DELHI 13 June | 23 July
इनोवेटिव क्लासरूम प्रोग्राम के घटक
▸ प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा और निबंध के लिए महत्वपूर्ण सभी टॉपिक का विस्तृत कवरेज
▸ मौलिक अवधारणाओं की समझ के विकास एवं विश्लेषणात्मक क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान
▸ निबंध लेखन - शैली, PT 365, Mains 365, सीसैट कक्षाएं
▸ मुख्य परीक्षा, निबंध, PT, सीसैट टेस्ट सीरीज
MAINS 365
मुख्य परीक्षा 2019
हेतु 1 वर्ष का समसामयिक घटनाक्रम
हिन्दी माध्यम : 1 Aug
English Medium: 25 July
DELHI
• 635, Opp. Signature View Apartments, Banda Bahadur Marg, Mukherjee Nagar
• 2nd Floor, Apsara Arcade, Near Metro Gate 6,1/8 B, Pusa Road, Karol Bagh
• Contact : 8468022022, 9019066066, 9650617807
JAIPUR 9001949244 | PUNE 8007500096 | HYDERABAD 9000104133 | AHMEDABAD 9909447040 | LUCKNOW 8468022022